• अभिनय – अनुकरण
अभिनव – नया
• अपर – दूसरा
अवर – नीचे का
• अपहार – अपहरण
उपहार – भेंट
• अब्ज – कमल
अब्द – वर्ष
• अभद्य – भेद का अभाव
अभेद्य – जो तोड़ा न जा सके
• अमल – बिना मैल
अम्ल – तेजाब
• अमूल – बिना जड़ का
अमूल्य – अनमोल
• अवयव – अंग
अव्यय – अविकारी शब्द
• अवरोध – रुकावट
अविरोध – बिना विरोध के
• अशोच – शोक रहित
अशौच – अशुद्ध
• अलि – भौंरा
आली – सखी
• अम्बुज – कमल
अम्बुद – बादल
• अशीलता – दुराचरण
असिलता – तलवार
• अनूदित – अनुवाद किया हुआ
अनुद्यत – तैयार न होना
• अवदान – योगदान
अवधान – ध्यान देना
• अम्ब – आम्र वृक्ष
अम्भ – जल
• अर्घ – मूल्य
अर्घ्य – पूजा
• अरि – शत्रु
अरी – संबोधन (स्त्री.)
• अचार – आम आदि का अचार
आचार – आचरण
• अगम – पहुँच से बाहर
आगम – उत्पत्ति शास्त्र
• अतल – तल रहित
अतुल – बिना तुलना के
आतुल – अनुभव
• अपमान – निरादर
उपमान – जिससे समानता
• अपेक्षा – तुलना में
उपेक्षा – तिरस्कार
• अग – न जलने वाला
आग – अग्नि
• अगत – बुरी गति
आगत – आया हुआ
• अगर – यदि, एक वृक्ष
आगर – समूह
• अगला – आगे का
अर्गला – सिटकनी – रोपने की कील
• अजन्म – जिसका जन्म न हो

आजन्म – जीवन भर
• अजय – जो न जीता जाये
अजया – भांग, बकरी
• अतन्त्र – तन्तुहीन, नियंत्रण रहित
अतन्द्र – आलस्य रहित
• अक्ष – धुरी
अक्षि – आँख
• अवधि – नियत समय
अवधी – एक बोली
• अग – स्थिर
अघ – पाप
• अवन – नीचे उतारना
अवनि – धरती
• असक्त – असमर्थ
आसक्त – मोहित
• अजु – सरल
रज्जु – रस्सी
• अभय – भय रहित
उभय – दोनों
• अयुक्त – अनुचित
आयुक्त – कमीश्नर
• अनुसार – अनुरूप
अनुस्वार – (ं /ँ)
• अस्त – डूब जाना
अस्तु – अच्छा, खैर
• अपकार – बुराई करना
उपकार – भलाई करना
• अन्न – अनाज
अन्य – दूसरा
• असित – काला
अशित – खाया हुआ
• अंक – गोद
अंग – देह का भाग
• अश्व – घोड़ा
अश्म – पत्थर
• अपचार – अपराध
उपचार – इलाज
• अन्याय – गैर-इंसाफी
अन्यान्य – दूसरे-दूसरे
• अवसान – अंत
आसान – सरल
• आकर – खजाना
आकार – बनावट
• आभरण – गहना
आवरण – ढकना
• आदि – प्रारम्भ
आदी – अभ्यस्त, आदत
• आसन – बिछौना
आसन्न – समीप
• आधि – मानसिक कष्ट
आधी – आधा का स्त्रीलिँग
• आर्त्त – दुःख
आर्द्र – गीला
आर्द्रा – एक नक्षत्र
• आपात – पतन
आपाद – चरण से
• आभार – अहसान
अभार – भार से रहित
• आभाष – भूमिका
आभास – झलक
• आयत – विशाल, एक चतुर्भुज
आयात – विदेशी माल मंगाना
• आर्द्र – गीला
आद्रा – अदरक – एक नक्षत्र
• आलय – घर
अलेय – जिसका लय न हुआ हो
• आहुति – बलि, हवन की चीज
आहूति – बुलाना
• आयास – प्रयत्न
आवास – निवास
• आवृत्ति – दोहराना
आवृत – घिरा हुआ
• इतर – दूसरा
इत्र – पुष्पसार
• इति – समाप्ति

ईति – दैव आपत्ति
• इन्दरा – इंद्र की पत्नी
इन्दिरा – लक्ष्मी
• उर – हृदय
उरु – बड़ा, विस्तृत
• उबारना – बचाना
उभारना – ऊँचा उठाना
• उद्धत – उदण्ड
उद्यत – तैयार
• उत्पल – कमल
उपल – पत्थर
• उद्योत – प्रकाश
उद्योग – उपाय
• उतर – नीचे आना
उत्तर – जवाब
• उद्धरण – वाक्य का वैसा ही कथन
उदाहरण – मिसाल
• उधार – देय राशि
उद्धार – ऊपर उठाना
• उन – वे का विकार
ऊन – भेड़ आदि के बाल
• ऋत – सत्य
ऋतु – मौसम
• ओर – तरफ
और – दूसरा, तथा
• कंथा – गुदड़ी
कथा – कहानी
कत्था – एक पेड़ की छाल
• कच – बाल
कुच – स्तन
कूच – प्रस्थान
• कटक – सेना
कंटक – काँटा
• कटिबद्ध – तैयार
कटिबन्ध – कमर का एक आभूषण
• कलि – कलियुग
कली – कोंपल
• करि – हाथी
कीर – तोता
• कलित – सुन्दर, युक्त
कीलित – कील जड़ा
• कपिश – मटमैला रंग
कपीश – हनुमान, सुग्रीव
• कंज – कमल
कुंज – लता, मण्डप
• क्रम – सिलसिला
कर्म – कार्य
• कल – मशीन
काल – समय
• कंकाल – अस्थिपिंजर
कंगाल – निर्धन
• करकट – कचरा
कर्कट – केकड़ा
• करोड़ – 100 लाख
क्रोड़ – गोद
• कड़ी – कठोर
कढ़ी – दही-बेसन का साग
• कड़ाई – कठोरता
कढ़ाई – काढने की क्रिया
• कटौती – कमी करना
कठौती – काष्ठ का पात्र
• कलुष – पाप
कुलिश – वज्र
कलश – मटका
• कांत – पति
क्लांत – थका हुआ
• कान – श्रवणेन्द्रिय
कानि – मर्यादा
• कान्ति – चमक
क्रान्ति – सम्पूर्ण परिवर्तन
• किटि – सुअर
कीट – कीड़ा
कटि – कमर
• कुंडल – एक गहना
कुंतल – सिर के बाल

- कुल – वंश, योग
  कूल – किनारा
- कुट – घर, किला
  कूट – पर्वत
- कुजन – दुर्जन
  कूजन – पक्षियअँ का कलरव
- कूर – कायर
  क्रूर – निर्दयी
- केत – घर
  केतु – पताका, ध्वजा
- केसर – सिँह की गर्दन के बाल
  केशर – एक सुगन्धित पुष्प
- कोर – किनारा
  कौर – ग्रास
- कोस – दूर की माप
  कोश – खजाना
- कोशल – अयोध्या का प्रदेश
  कौशल – निपुणता
- कृत – किया हुआ
  क्रीत – खरीदा हुआ
- कृति – रचना
  कृती – रचनाकार, चतुर
- कृपण – कंजूस
  कृपाण – तलवार
- कृमि – कीट
  कृषि – खेती
- क्षति – नुकसान
  क्षिति – पृथ्वी
- क्ष्मा – पृथ्वी
  क्षमा – माफ करना
- खर – गधा
  खुर – पशु के खुर
- खाद – उर्वरक
  खाद्य – खाने योग्य वस्तु
- गट्टा – कलाई
  गट्ठा – गट्ठर
- गड़ना – चुभना
  गढ़ना – बनाना
- गदहा – वैद्य
  गधा – गर्दभ
- गण – समूह
  गण्य – गिने जाने योग्य
- गत – बीता हुआ
  गति – चाल
- गाड़ी – यान
  गाढ़ी – गहरी
- गुँथना – माला पिरोना
  गुँदना – आटा सानना
- गुर – उपाय
  गुरु – शिक्षक, भारी
- गुटका – छोटी पुस्तक
  गुटिका – गोली
- गृह – घर
  ग्रह – सूर्य के चारोँ ओर घूमने वाले पिँड
- ग्रंथ – पुस्तक
  ग्रंथि – गाँठ
- गर्व – घमण्ड
  गर्भ – आन्तरिक भाग
- घन – बादल
  घना – गाढ़ा
- घट – घड़ा
  घाट – नदी का तट
- चर्म – चमड़ा
  चरम – अन्तिम
- चरण – पैर
  चारण – एक जाति
- चक्रवाक – चकवा पक्षी
  चक्रवात – बवंडर
- चतुष्पद – चौपाया
  चतुष्पथ – चौराहा
- चित – सिर के बाल
  चित्त – मन
- चिता – दाह संस्कार के लिए लकड़ियाँ
  चिँता – फिक्र
- चिर – अधिक काल

चीर – वस्त्र
चीड़ – एक वृक्ष
• छत – मकान की छत
छात्र – बड़ा छाता
क्षत – घाव
• जर – बुढ़ापा
जरा – पृथ्वी, थोड़ा
• जगत् – संसार
जगत – कुएँ का चौंतरा
• जघन – जांघ
जघन्य – नीच
• जलद – बादल
जलज – कमल
• जरठ – अति वृद्ध
जठर – पेट
• जलना – बलना
झलना – हवा करना
• जलाना – ज्वलित करना
जिलाना – जीवनदान देना
• जवान – युवक
जबान – जीभ
• जाम – प्याला
याम – प्रहर
• जामन – दूध जमाने का दही
जामुन – एक फल
• डीठ – दृष्टि
ढीठ – जिद्दी
• ढलाई – ढालने की क्रिया
ढिलाई – शिथिलता
• तरंग – लहर
तुरंग – घोड़ा
• तर्क – दलील, बहस
तक्र – छाछ
• तप्त – गरम
तृप्त – संतुष्ट
• तरणि – सूर्य
तरणी – नाव
तरुणी – युवती
तरनी – खोमचा रखने का डमरु की शक्ल का पात्र
• तम – अंधकार
तोम – समूह
• तन – शरीर
तनु – पतली
• तड़ाक – शीघ्र
तड़ाग – तालाब
• तर – गीला
तरु – पेड़
• तरि – नौका
तरी – गीलापन
• थन – स्तन
थल – रेगिस्तान
• दंश – डंक
दश – दस
• दशा – अवस्था
दिशा – ओर
• दमन – दबाना, निग्रह
दामन – पहाड़ के नीचे का भाग
• द्रव्य – धन
द्रव – पतला
• दग्ध – जला हुआ
दुग्ध – दूध
• दारा – स्त्री
द्वारा – माध्यम
• दिन – दिवस
दीन – गरीब
• दिवा – दिन
दीवा – दिया
• द्विप – हाथी
द्वीप – टापू
दीप – दीया
• दूत – संदेशवाहक
द्यूत – जुआ
• देव – देवता
दैव – भाग्य
• दोष – अवगुण

द्वेष – वैर
• दोषी – अपराधी
दोषा – रात्रि
• धन – रुपया-पैसा
धन्य – पुण्यवान
• धरा – पृथ्वी
धारा – प्रवाह
• धनि – गृहिणी
धनी – धनवान
धणी – स्वामी
• नकल – अनुकरण, प्रतिलिपि
नकुल – नेवला
• नद – बड़ी नदी
नाद – ध्वनि
• नग – पर्वत
नाग – सर्प, हाथी
• नत – झुका हुआ
नट – खेल-तमाशे दिखाने वाली एक जाति
• नम – गीला
नम्र – विनीत
• नक्र – मगरमच्छ
नर्क – नरक
• नावक – छोटा बाण
नाविक – केवट
• नारी – स्त्री
नाड़ी – नब्ज
• निगम – संस्था
निर्गम – निकास
• निधन – मृत्यु
निर्धन – गरीब
• निर्जर – देवता
निर्झर – झरना
• निर्माण – रचना
निर्वाण – मोक्ष
• निहत – मरा हुआ
निहित – छिपा हुआ
• नियत – निश्चित
नियति – सोच, भाग्य
• निश्चल – अचल
निश्छल – छल रहित
• निमंत्रण – न्यौता
नियंत्रण – बंधन
• नीर – पानी
नीड़ – घोँसला
• नीरद – बादल
नीरधि – समुद्र
• नीरज – कमल
नीरव – नि:शब्द, सुनसान
• नीम – एक पेड़
नीँव – मकान की जड़
• नेक – अच्छा
नेकु – तनिक
• परिषद – सभा
परिषद् – सभासद
• प्रभाव – असर
पराभव – हार
• प्रहार – चोट करना
परिहार – समाधान करना
• परुष – कठोर
पुरुष – मनुष्य, नर
• प्रकृत – पदार्थ
प्रकृति – स्वभाव
• पर्जन्य – बादल
परजन – शत्रु, अन्य व्यक्ति
• प्रदीप – दीपक
प्रतीप – उल्टा
• प्रणय – प्रेम
प्रणत – झुका हुआ
• प्रसाद – कृपा
प्रासाद – महल
• प्रकार – तरीका
प्राकार – परकोटा
• प्रवाह – बहाव
प्रभाव – महत्त्व
• प्रथा – परम्परा

पृथा – कुन्ती
• प्रणीत – रचित
परिणीत – विवाहित
• पवन – हवा
पावन – पवित्र
• परिणाम – नतीजा
परिमाण – मात्रा
• प्रमाण – सबूत, नाप
प्रणाम – नमस्कार
• प्रतीहार – द्वारपाल
प्रत्याहार – वापस चलना
• पानी – जल
पाणि – हाथ
• पावस – वर्षा
पायस – खीर
• परिमित – अल्प
परिमिति – सीमा
• परिच्छिद – वेशभूषा
परिच्छेद – अध्याय
• प्रेषित – भेजा हुआ
प्रोषित – प्रवासी
• पाश – फन्दा
पास – समीप
• पुष्कर – जलाशय
पुष्कल – बहुत
• पालतु – पाला हुआ
पलातु – पालने योग्य
• पथ – रास्ता
पथ्य – रोगी का भोजन
• प्रकृत – नैसर्गिक
प्राकृत – सामान्य भाषा
• पट्ट – तख्ता
पट – कपड़ा
• पतन – गिरावट
पत्तन – कस्बा, नगर
• पति – घरवाला
पत्ती – हिस्सा, पेड़ की पत्ती
• पद – ओहदा
पद्य – काव्य
• परिवर्तन – बदलाव
प्रवर्तन – उकसाव
• प्रबल – जबरदस्त
प्रवर – सबसे बड़ा
• प्राप्त – मिला
पर्याप्त – काफी
• फण – साँप का फन
फन – कला
• बलि – भेंट
बली – बलवान
• बहन – भगिनी
वहन – ढोना
• बहु – बहुत
बहू – पुत्रवधु
• बलाक – बगुला
बलाहक – बादल
• ब्याल – सर्प
ब्यालू – रात्रि का भोजन
• बाड़ – ओट
बाढ़ – अतिजल प्रवाह
• बुरा – खराब
बूरा – कच्ची चीनी
• बेर – एक फल
बैर – शत्रुता
• भट – योद्धा
भट्ट – पंडित
• भवन – मकान, घर
भुवन – संसार, लोक
• भाग – हिस्सा
भाग्य – तकदीर
• भाल – मस्तक
भालू – रीँछ
• भित्ति – दीवार
भीति – डर
• मत – राय
मति – बुद्धि

• मणि – रत्न
मणी – साँप की मणी
मण – तोल का एक माप (1 मण = 40 किलो)
• मद – अभिमान
मद्य – शराब
• मनुज – मानव
मनोज – कामदेव
• मरीचि – किरण
मरीची – सूर्य
• मण्डित – सुशोभित
मुण्डित – मुंडा हुआ
• मन्दर – एक पर्वत
मन्दिर पूजा स्थल
• मन्दी – धीमी
मण्डी – हाट
• मलिन – मैला
म्लान – मुरझाया हुआ
• मातृ – माता
मात्र – केवल
• मिट्टी – धूल
मिट्ठी – चुम्बन
• मिश्र – मिला हुआ
मिस्त्र – देश का नाम
• मुक्त – छोड़ा गया
भुक्त – भोगा हुआ
• मुकुर – दर्पण
मुकुट – ताज
• मूल – जड़, मुख्य
मूल्य – कीमत
• मेघ – बादल
मेध – यज्ञ
• मोर – मयूर पक्षी
मौर – मुकुट
• युक्ति – उपाय, तरकीब
उक्ति – कथन
• योग – मन का ठहराव
योग्य – लायक
• रवि – सूर्य
रव – शोर
• राज – शासन
राजा – शासक
• रीति – परम्परा
रीता – खाली
• लक्ष – लाख
लक्ष्य – उद्देश्य, निशाना
• लगन – चाव, उत्साह
लग्न – शुभ मुहूर्त
• ललित – सुंदर
ललिता – गोपी
• लोभ – लालच
लोम – रोम
• वृत – उपवास
वृत्त – घेरा
वृन्द – समूह
• वसन – वस्त्र
व्यसन – बुरी आदत
बसन – बसना
• वन – जंगल
वन्य – जंगली
• वस्तु – चीज
वास्तु – मकान
• वदन – मुख
बदन – देह
• वर्ण – रंग
व्रण – घाव
• वरण – चुनाव
वरुण – एक देवता
• व्यंग – विकलांग
व्यंग्य – कटाक्ष
• व्यंजन – पकवान
व्यजन – पंखा
विजन – एकान्त
• व्याध – शिकारी
व्याधि – रोग
• वात – वायु

बात – बातचीत
- वाम – टेढ़ा
  वामा – स्त्री
- वारिद – बादल
  वारिधि – समुद्र
- विष – जहर
  विस – कमलनाल
  विश्व – दुनिया
- विधि – ढंग, ब्रह्मा
  विधु – चन्द्रमा
- विवरण – वृतान्त
  विवर्ण – विकृत रंग
- विदुर – पण्डित
  विधुर – जिसकी पत्नी मर गई हो
- शंकर – शिव
  संकर – मिश्रित
- शर – बाण
  सर – तालाब
- शकल – टुकड़ा
  सकल – सम्पूर्ण
- शम – शान्ति
  सम – समान
- शस्त्र – हथियार
  शास्त्र – धर्म ग्रन्थ
- शप्त – शापित
  सप्त – सात
- शशधर – चन्द्रमा
  शशिधर – शंकर
- शकृत – विष्टा
  सकृत – एक बार
- शाला – स्थान
  साला – पत्नी का भाई
- शान्त – चुप
  सान्त – अन्त सहित
- शित – सफेद
  शीत – ठण्ड
- शिरा – नाड़ी
  सिरा – छोर
- शुभ – मंगलप्रद
  शुभ्र – उज्ज्वल
- शुक – तोता
  शुक्र – शक्ति, दैत्य, गुरु
- शूर – वीर
  सूर – सूर्य
  शूल – काँटा
- शुल्क – फीस
  शल्क – छाल
  शुक्ल – सफेद
- शूचि – पवित्र
  शचि – इन्द्र की पत्नी
- शोक – वियोग, दुःख
  शौक – चाव, लगन
- शौर्य – वीरता
  सौर, सौर्य – सूर्य सम्बन्धी
- श्वजन – कुत्ता
  स्वजन – अपने आदमी
- श्वेद – पसीना
  श्वेत – सफेद
- श्रवण – सुनना
  श्रामण – जैन भिक्षु
- श्राद्ध – पितरौं का श्राद्ध
  श्रद्धा – पूज्य भाव
- षष्टि – साठ
  षष्ठी – छठी
- संग – साथ
  संघ – समूह
- संदेह – शक
  सदेह – शरीर के साथ
- सखी – सहेली
  साखी – दोहा
  सुखी – सुख वाला
- सर्ग – अध्याय
  स्वर्ग – देवलोक
- सज्जा – सजावट
  सजा – अलंकृत, दण्ड

• सती – साध्वी
शती – सौ साल
• सहसा – अचानक
साहस – हिम्मत
• सर्वथा – सब प्रकार से
सर्वदा – हमेशा
• संवत् – देशी वर्ष
सम्मत – सलाह के अनुकूल
• समिति – सभा
सम्मति – सलाह
सन्मति – अच्छी बुद्धि
• साँस – श्वास, प्राण
सास – पति या पत्नी की माँ
• सिर – शीश
सिरा – छोर
• सिता – शक्कर
सीता – राम की पत्नी
• सुत – बेटा
सूत – सारथी, रुई का धागा
• सुगंध – खुशबू
सौगंध – कसम, प्रतिज्ञा
• सुधि – होश
सुधी – बुद्धिमान
• सूचि – सुई
सूची – सारणी
• स्वपच – ब्राह्मण
श्वपच – चाण्डाल
• स्त्रोत – प्रवाह
श्रोत्र – कान
• हरण – ले जाना
हरिण – मृग
• हरि – विष्णु
हरी – हरे रंग की
• हस्त – हाथ
हस्ति – हाथी
• हल – व्यंजन
हल – समाधान
• हट – परे हो
हठ – जिद्द
• ह्रास – कमी
हास – हँसी
• ह्रद – तालाब
हृद् – हृदय
• हितू – उपकारी
हेतु – कारण
• हिम – बर्फ
हेम – स्वर्ण
• हिय – हृदय
हय – घोड़ा
• क्ष्मा – पृथ्वी
क्षमा – माफ करना
• ज्ञेय – जानने योग्य
गेय – गाने योग्य

4. एकार्थक शब्द

बहुत से शब्द ऐसे हैं, जिनका अर्थ देखने और सुनने में एक–सा लगता है, परन्तु वे समानार्थी नहीं होते हैं। ध्यान से देखने पर पता चलता है कि उनमें कुछ अन्तर भी है। इनके प्रयोग में भूल न हो इसके लिए इनकी अर्थ–भिन्नता को जानना आवश्यक है।

♦ समानार्थी प्रतीत होने वाले भिन्नार्थी शब्द :
• अगम – जहाँ न पहुँचा जा सके।
दुर्गम – जहाँ पहुँचना कठिन हो।
• अलौकिक – जो सामान्यतः लोक या दुनिया में न पाया जाये।
अस्वाभाविक – जो प्रकृति के नियमों के विरुद्ध हो।
असाधारण – सांसारिक होकर भी अधिकता से न मिले, विशेष।
• अनुज – छोटा भाई।
अग्रज – बड़ा भाई।
भाई – छोटे-बड़े दोनअें के लिए।
• अनुभव – व्यवहार या अभ्यास से प्राप्त ज्ञान।
अनुभूति – चिन्तन या मनन से प्राप्त आंतरिक ज्ञान।
• अनुरूप – समानता या उपयुक्तता का बोध होता है।
अनुकूल – पक्ष या अनुसार का भाव प्रकट होता है।
• अस्त्र – फेंककर चलाए जाने वाले हथियार।

शस्त्र – हाथ में पकड़कर चलाए जाने वाले हथियार।
- अवस्था – जीवन का बीता हुआ भाग।
  आयु – सम्पूर्ण जीवन काल।
- अपराध – कानून के विरुद्ध कार्य करना।
  पाप – सामाजिक तथा धार्मिक नियमों के विरुद्ध आचरण।
- अनुरोध – आग्रह (हठ) पूर्वक की गई प्रार्थना।
  आग्रह – हठ।
- अभिनन्दन – सराहना करना, बधाई।
  अभिवन्दन – प्रणाम, नमस्कार करना।
  स्वागत – किसी के आगमन पर प्रकट की जाने वाली प्रसन्नता।
- अणु – पदार्थ की सबसे छोटी इकाई।
  परमाणु – तत्त्व की सबसे छोटी इकाई।
- अधिक – आवश्यकता से बढ़कर।
  अति – आवश्यकता से बहुत अधिक।
  पर्याप्त – जितनी आवश्यकता हो।
- अर्चना – मात्र बाह्य सत्कार।
  पूजा – आन्तरिक एवं बाह्य दोनों सत्कार।
- अर्पण – छोटों द्वारा बड़ों को दिया जाना।
  प्रदान – बड़ों द्वारा छोटों को दिया जाना।
- अमूल्य – जिस वस्तु का कोई मूल्य ही न आँका जा सके।
  बहुमूल्य – अधिक मूल्यवान वस्तु।
- अशुद्धि – भाषा सम्बन्धी लिखने–बोलने की गलती।
  भूल – सामान्य गलती।
  त्रुटि – बड़ी गलती।
- असफल – व्यक्ति के लिए प्रयुक्त होता है।
  निष्फल – कार्य के लिए प्रयुक्त होता है।
  अहंकार – घमण्ड, स्वयं को अत्यधिक समझना।
  अभिमान – गौरव, दूसरों से श्रेष्ठ समझना।
- आचार – सामान्य व्यवहार, चाल–चलन।
  व्यवहार – व्यक्ति विशेष के प्रति परिस्थिति विशेष में किया गया आचरण।
- आनंद – खुशी का स्थायी और गंभीर भाव।
  आह्लाद – क्षणिक एवं तीव्र आनंद।
  उल्लास – सुख-प्राप्ति की अल्पकालिक क्रिया, उमंग।
  प्रसन्नता – साधारण आनंद का भाव।
- आधि – मानसिक कष्ट।
  व्याधि – शारीरिक कष्ट।
- आवेदन – अधिकारी से की जाने वाली प्रार्थना।
  निवेदन – विनयपूर्वक की जाने वाली प्रार्थना।
- आशंका – अनिष्ट की कल्पना से उत्पन्न भय।
  शंका – सन्देह।
- आविष्कार – नवीन वस्तु का निर्माण करना।
  अनुसंधान – रहस्य की खोज करना।
  अन्वेषण – अज्ञात स्थान की खोज करना।
- आज्ञा – बड़ों द्वारा छोटे को किसी कार्य को करने हेतु कहना।
  अनुमति – स्वीकृति।
- आवश्यक – किसी कार्य को करना जरूरी।
  अनिवार्य – कार्य जिसे निश्चित रूप से करना हो।
- आरम्भ – बहुत ही साधारण और सामान्य शुरुआत।
  प्रारम्भ – ऐसी शुरुआत जिसमें औपचारिकता, महत्ता और साहित्यता हो।
- ईर्ष्या – दूसरे की उन्नति पर जलना।
  द्वेष – अकारण शत्रुता।
  स्पर्धा – एक-दूसरे से आगे बढ़ने की भावना।
- उत्साह – निर्भीक होकर कार्य करना।
  साहस – भय की उपस्थिति में कार्य करना।
- उत्तेजना – आवेग।
  प्रोत्साहन – बढ़ावा।
- उद्यम – परिश्रम, प्रवास।
  उद्योग – उपाय, प्रयत्न।
- उपकरण – साधन।
  उपादान – सामग्री।
- कष्ट – मुख्यतः शारीरिक पीड़ा।
  क्लेश – मानसिक पीड़ा।
  दुःख – सभी प्रकार से सामान्य दुःख को प्रकट करने वाला शब्द।
- कन्या – वह अविवाहित लड़की जो रजस्वला न हुई हो।
  लड़की – सामान्य अविवाहित या विवाहित किसी की लड़की।
  पुत्री – अपनी बेटी।
- कृपा – किसी का दुःख दूर करने का प्रयास।
  दया – किसी के दुःख से प्रभावित होना।
  संवेदना – अनुभूति जताना।
  सहानुभूति – किसी के दुःख से प्रभावित होकर अपनी अनुभूति जताना।
- कृतज्ञ – उपकार मानने वाला।
  आभारी – उपकार करने वाले के प्रति मन के भाव प्रकट करने वाला।
- खेद – सामान्य दुःख।
  शोक – स्वजनों के अनिष्ट से होने वाला दुःख।
  विषाद – निराशापूर्ण दुःख।

- तन्द्रा – हल्की नींद।
  निन्द्रा – गहरी नींद।
- नक्षत्र – स्वयं के प्रकाश से प्रकाशित आकाशीय पिण्ड।
  ग्रह – सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित आकाशीय पिण्ड।
- नमस्कार – बराबर वाले के प्रति नम्रता प्रकट करने हेतु।
  प्रणाम – अपने से बड़ों को अभिवादन या उनके प्रति नम्रता प्रकट करने के लिए प्रणाम का प्रयोग शब्द का प्रयोग किया जाता है।
  नमस्ते – यह छोटे एवं बड़े सभी के लिए अभिवादन का प्रचलित शब्द है।
- प्रलाप – व्यर्थ की बात।
  विलाप – दुःख में रोना।
- परिणाम – किसी वस्तु का धीरे–धीरे दूसरा रूप धारण करना।
  फल – किसी स्थिति के कारण उत्पन्न होने वाला लाभ।
- परिश्रम – सभी प्रकार की मेहनत को व्यक्त करने वाला शब्द।
  श्रम – मात्र शारीरिक मेहनत।
- परामर्श – सलाह–मशविरा सूचक शब्द।
  मंत्रणा – गोपनीय सलाह–मशविरा।
- प्रसिद्धि – बड़ाई।
  ख्याति – विशेष प्रसिद्धि।
- पीड़ा – शारीरिक कष्ट।
  वेदना – सामान्य अल्पकालिक हार्दिक दुःख।
  व्यथा – गंभीर दीर्घकालिक मानसिक दुःख।
- पीछे – क्रम को सूचित करने वाला शब्द।
  बाद में – समय का भाव सूचित करने वारा शब्द।
- बहुत – ज्यादा (बिना तुलना के)।
  अधिक – ज्यादा (तुलना में)।
- भय – अनिष्ट के कारण मन में उठा विचार (डर)।
  आतंक – शारीरिक और मन में उठा भय।
  त्रास – भयवश होने वाला कष्ट।
  यातना – दूसरों के द्वारा दिया गया कष्ट।
- भवदीय – आपका, तुम्हारा।
  प्रार्थी – प्रार्थना करने वाला।
- भ्रम – किसी बात के लिए विषय गलत समझते हुए गलत धारणा बना लेना।
  सन्देह – किसी के विषय में निश्चय हो जाना।
- भागना – भयवश दौड़ना।
  दौड़ना – सामान्यतः तेज चलना।
- भाषण – सामान्य व्याखान।
  प्रवचन – धार्मिक विषय पर व्याख्यान।
- मनुष्य – मानव जाति के स्त्री-पुरुष दोनों का बोध कराने वाला शब्द।
  पुरुष – मानव पुल्लिँग।
- मंत्री – परामर्श देने वाला।
  सचिव – मंत्री के आदेश को प्रचारित करने वाला।
- मन – इन्द्रियाँ, विषयों का ज्ञान कराने वाला।
  चित्त – चेतना का प्रतीक।
  अन्तःकरण – सत्-असत्, उचित-अनुचित का ज्ञान कराने वाला।
- महाशय – इस शब्द का प्रयोग प्रायः साधारण लोगों के लिए किया जाता है।
  महोदय/मान्यवर – इस शब्द का प्रयोग बड़े लोगों के लिए किया जाता है।
- मित्र – समवयस्क, जो अपने प्रति प्यार रखता हो।
  सखा – साथ रहने वाला समवयस्क।
  सगा – आत्मीयता रखने वाला।
  सुहृदय – सुंदर हृदय वाला, जिसका व्यवहार अच्छा हो।
- लड़का – बाल मानव।
  पुत्र – अपना लड़का।
- लज्जा – दूसरे के द्वारा अपने बारे में गलत सोचने का अनुमान।
  ग्लानि – अपनी गलती पर होने वाला पश्चाताप।
  संकोच – किसी कार्य को करने में होने वाली झिझक।
- यथेष्ट – अपेक्षित या जितना वांछनीय हो।
  पर्याप्त – पूरी तरह से प्राप्त।
- व्यापार – किसी काम में लगे रहना।
  व्यवसाय – थोड़ी मात्रा में खरीदने और बेचने का कार्य।
  वाणिज्य – क्रय-विक्रय और लेन-देन।
- व्याख्यान – मौखिक भाषण।
  अभिभाषण – लिखित व्याख्यान।
- विनय – अनुशासन एवं शिष्टतापूर्ण निवेदन।
  अनुनय – किसी बात पर सहमत होनेकी प्रार्थना।
  आवेदन – योग्यतानुसार किसी पद केलिए कथन द्वारा प्रस्तुत होना।
  प्रार्थना – किसी कार्य-सिद्धि के लिए विनम्रतापूर्ण कथन।
- श्रद्धा – महानजनों के प्रति आदर भाव।
  भक्ति – देवताओं के प्रति आदर भाव।
- श्रीयुत् – इस शब्द का प्रयोग आदर के लिए किया जाता है। हमारे यहाँ इसका प्रयोग बहुत कम होता है।
  श्रीमान् – इस शब्द का प्रयोग भी आदर के लिए किया जाता है। हमारे यहाँ इसका प्रयोग अधिक होता है। श्रीयुत् और श्रीमान् का अर्थ समान-सा ही है।
- स्त्री – कोई भी नारी।
  पत्नी – किसी की विवाहिता स्त्री।
- स्नेह – बड़ों का छोटों के प्रति प्रेम।
  प्रेम – प्यार।
  प्रणय – पति-पत्नी, प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम।
- सभ्यता – भौतिक विकास।

संस्कृति – कलात्मक एवं आध्यात्मिक विकास।
• सुंदर – आकर्षक वस्तु।
चारु – पवित्र और सुंदर वस्तु।
रुचिर – सुरुचि जाग्रत करने वाली सुंदर वस्तु।
मनोहर – मन को लुभाने वाली वस्तु।
• हेतु – अभिप्राय।
कारण – कार्य की पृष्ठभूमि।

5. अनेकार्थक शब्द

♦ अनेकार्थक शब्द –

'अनेकार्थक' शब्द का अभिप्राय है, किसी शब्द के एक से अधिक अर्थ होना। बहुत से शब्द ऐसे हैं, जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं। ऐसे शब्दों का अर्थ भिन्न–भिन्न प्रयोग के आधार पर या प्रसंगानुसार ही स्पष्ट होता है। भाषा सौष्ठव की दृष्टि से इनका बड़ा महत्त्व है।

♦ प्रमुख अनेकार्थक शब्द :

• अंक – संख्या के अंक, नाटक के अंक, गोद, अध्याय, परिच्छेद, चिह्न, भाग्य, स्थान, पत्रिका का नंबर।
• अंग – शरीर, शरीर का कोई अवयव, अंश, शाखा।
• अंचल – सिरा, प्रदेश, साड़ी का पल्लू।
• अंत – सिरा, समाप्ति, मृत्यु, भेद, रहस्य।
• अंबर – आकाश, वस्त्र, बादल, विशेष सुगन्धित द्रव जो जलाया जाता है।
• अक्षर – नष्ट न होने वाला, अ, आ आदि वर्ण, ईश्वर, शिव, मोक्ष, ब्रह्म, धर्म, गगन, सत्य, जीव।
• अर्क – सूर्य, आक का पौधा, औषधियों का रस, काढ़ा, इन्द्र, स्फटिक, शराब।
• अकाल – दुर्भिक्ष, अभाव, असमय।
• अज – ब्रह्मा, बकरा, शिव, मेष राशि, जिसका जन्म न हो (ईश्वर)।
• अर्थ – धन, ऐश्वर्य, प्रयोजन, कारण, मतलब, अभिप्रा, हेतु (लिए)।
• अक्ष – धुरी, आँख, सूर्य, सर्प, रथ, मण्डल, ज्ञान, पहिया, कील।
• अजीत – अजेय, विष्णु, शिव, बुद्ध, एक विषैला मूषक, जैनियों के दूसरे तीर्थंकर।
• अतिथि – मेहमान, साधु, यात्री, अपरिचित व्यक्ति, अग्नि।
• अधर – निराधार, शून्य, निचला ओष्ठ, स्वर्ग, पाताल, मध्य, नीचा, पृथ्वी व आकाश के बीच का भाग।
• अध्यक्ष – विभाग का मुखिया, सभापति, इंचार्ज।
• अपवाद – निंदा, कलंक, नियम के बाहर।
• अपेक्षा – तुलना में, आशा, आवश्यकता, इच्छा।
• अमृत – जल, दूध, पारा, स्वर्ण, सुधा, मुक्ति, मृत्युरहित।
• अरुण – लाल, सूर्य, सूर्य का सारथी, सिंदूर, सोना।
• अरुणा – ऊषा, मजीठ, घुंधली, अतिविषा, इन्द्र, वारुणी।
• अनन्त – सीमारहित, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, शेषनाग, लक्ष्मण, बलराम, बाँह का आभूषण, आकाश, अन्तहीन।
• अग्र – आगे का, श्रेष्ठ, सिरा, पहले।
• अब्ज – शंख, कपूर, कमल, चन्द्रमा, पद्य, जल में उत्पन्न।
• अमल – मलरहित, कार्यान्वयन, नशा-पानी।
• अवस्था – उम्र, दशा, स्थिति।
• आकर – खान, कोष, स्त्रोत।
• अशोक – शोकरहित, एक वृक्ष, सम्राट अशोक।
• आराम – बगीचा, विश्राम, सुविधा, राहत, रोग का दूर होना।
• आदर्श – योग्य, नमूना, उदाहरण।
• आम – सामान्य, एक फल, मामूली, सर्वसाधारण।
• आत्मा – बुद्धि, जीवात्मा, ब्रह्म, देह, पुत्र, वायु।
• आली – सखी, पंक्ति, रेखा।
• आतुर – विकल, रोगी, उत्सुक, अशक्त।
• इन्दु – चन्द्रमा, कपूर।
• ईश्वर – प्रभु, समर्थ, स्वामी, धनिक।
• उग्र – क्रूर, भयानक, कष्टदायक, तीव्र।
• उत्तर – जवाब, एक दिशा, बदला, पश्चाताप।
• उत्सर्ग – त्याग, दान, समाप्ति।
• उत्पात – शरारत, दंगा, हो-हल्ला।
• उपचार – उपाय, सेवा, इलाज, निदान।
• ऋण – कर्ज, दायित्व, उपकार, घटाना, एकता, घटाने का बूटी वाला पत्ता।
• कंटक – काँटा, विघ्न, कीलक।
• कंचन – सोना, काँच, निर्मल, धन-दौलत।
• कनक – स्वर्ण, धतूरा, गेहूँ, वृक्ष, पलाश (टेसू)।
• कन्या – कुमारी लड़की, पुत्री, एक राशि।
• कला – अंश, एक विषय, कुशलता, शोभा, तेज, युक्ति, गुण, ब्याज, चातुर्य, चाँद का सोलहवाँ अंश।
• कर – किरण, हाथ, सूँड, कार्यादेश, टैक्स।
• कल – मशीन, आराम, सुख, पुर्जा, मधुर ध्वनि, शान्ति, बीता हुआ दिन, आने वाला दिन।
• कक्ष – काँख, कमरा, कछौटा, सूखी घास, सूर्य की कक्षा।
• कर्त्ता – स्वामी, करने वाला, बनाने वाला, ग्रन्थ निर्माता, ईश्वर, पहला कारक, परिवार का मुखिया।
• कलम – लेखनी, कूँची, पेड़-पौधों की हरी लकड़ी, कनपटी के बाल।
• कलि – कलह, दु:ख, पाप, चार युगों में चौथा युग।
• कशिपु – चटाई, बिछौना, तकिया, अन्न, वस्त्र, शंख।
• काल – समय, मृत्यु, यमराज, अकाल, मुहूर्त, अवसर, शिव, युग।
• काम – कार्य, नौकरी, सिलाई आदि धंधा, वासना, कामदेव, मतलब, कृति।
• किनारा – तट, सिरा, पार्श्व, हाशिया।
• कुल – वंश, जोड़, जाति, घर, गोत्र, सारा।
• कुशल – चतुर, सुखी, निपुण, सुरक्षित।

- कुंजर – हाथी, बाल।
- कूट – नीति, शिखर, श्रेणी, धनुष का सिरा।
- कोटि – करोड़, श्रेणी, धनुष का सिरा।
- कोष – खजाना, फूल का भीतरी भाग।
- क्षुद्र – नीच, कंजूस, छोटा, थोड़ा।
- खंड – टुकड़े करना, हिस्सों में बाँटना, प्रत्याख्यान, विरोध।
- खग – पक्षी, बाण, देवता, चन्द्रमा, सूर्य, बादल।
- खर – गधा, तिनका, दुष्ट, एक राक्षस, तीक्ष्ण, धतूरा, दवा कूटने की खरल।
- खत – पत्र, लिखाई, कनपटी के बाल।
- खल – दुष्ट, चुगलखोर, खरल, तलछट, धतूरा।
- खेचर – पक्षी, देवता, ग्रह।
- गंदा – मैला, अश्लील, बुरा।
- गड – ओट, घेरा, टीला, अन्तर, खाई।
- गण – समूह, मनुष्य, भूतप्रेत, शिव के अनुचर, दूत, सेना।
- गति – चाल, हालत, मोक्ष, रफ्तार।
- गद्दी – छोटा गद्दा, महाजन की बैठकी, शिष्य परम्परा, सिँहासन।
- गहन – गहरा, घना, दुर्गम, जटिल।
- ग्रहण – लेना, सूर्य व चन्द ग्रहण।
- गुण – कौशल, शील, रस्सी, स्वभाव, विशेषता, हुनर, महत्त्व, तीन गुण (सत, तम व रज), प्रत्यंचा (धनुष की डोरी)।
- गुरु – शिक्षक, बड़ा, भारी, श्रेष्ठ, बृहस्पति, द्विमात्रिक अक्षर, पूज्य, आचार्य, अपने से बड़े।
- गौ – गाय, बैल, इन्द्रिय, भूमि, दिशा, बाण, वज्र, सरस्वती, आँख, स्वर्ग, सूर्य।
- घट – घड़ा, हृदय, कम, शरीर, कलश, कुंभ राशि।
- घर – मकान, कुल, कार्यालय, अंदर समाना।
- घन – बादल, भारी हथौड़ा, घना, छः सतही रेखागणितीय आकृति।
- घोड़ा – एक प्रसिद्ध चौपाया, बंदूक का खटका, शतरंज का एक मोहरा।
- चक्र – पहिया, भ्रम, कुम्हार का चाक, चकवा पक्षी, गोल घेरा।
- चपला – लक्ष्मी, बिजली, चंचल स्त्री।
- चश्मा – ऐनक, झरना, स्रोत।
- चीर – वस्त्र, रेखा, पट्टी, चीरना।
- छन्द – पद, विशेष, जल, अभिप्राय, वेद।
- छाप – छापे का चिह्न, अँगूठी, प्रभाव।
- छावा – बच्चा, बेटा, हाथी का पट्ठा।
- जलज – कमल, मोती, मछली, चंद्रमा, शंख, शैवाल, काई, जलजीव।
- जलद – बादल, कपूर।
- जलधर – बादल, समुद्र, जलाशय।
- जवान – सैनिक, योद्धा, वीर, युवा।
- जनक – पिता, मिथिला के राजा, उत्पन्न करने वाला।
- जड़ – अचेतन, मूर्ख, वृक्ष का मूल, निर्जीव, मूल कारण।
- जीवन – जल, प्राण, आजीविका, पुत्र, वायु, जिन्दगी।
- टंक – तोल, छेनी, कुल्हाड़ी, तलवार, म्यान, पहाड़ी, ढाल, क्रोध, दर्प, सिक्का, दरार।
- ठस – बहुत कड़ा, भारी, घनी बुनावट वाला, कंजूस, आलसी, हठी।
- ठोकना – मारना, पीटना, प्रहार द्वारा भीतर धँसाना, मुकदमा दायर करना।
- डहकना – वंचना, छलना, धोखा खाना, फूट-फूटकर रोना, चिँघाड़ना, फैलना, छाना।
- ढर्रा – रूप, पद्धति, उपाय, व्यवहार।
- तंग – सँकरा, पहनने में छोटा, परेशान।
- तंतु – सूत, धागा, रेशा, ग्राह, संतान, परमेश्वर।
- तट – किनारा, प्रदेश, खेत।
- तप – साधना, गर्मी, अग्नि, धूप।
- तम – अन्धकार, पाप, अज्ञान, गुण, तमाल वृक्ष।
- तरंग – स्वर लहरी, लहर, उमंग।
- तरी – नौका, कपड़े का छोर, शोरबा, तर होने की अवस्था।
- तरणि – सूर्य, उद्धार।
- तात – पिता, भाई, बड़ा, पूज्य, प्यारा, मित्र, श्रद्धेय, गुरु।
- तारा – नक्षत्र, आँख की पुतली, बालि की पत्नी का नाम।
- तीर – किनारा, बाण, समीप, नदी तट।
- थाप – थप्पड़, आदर, सम्मान, मर्यादा, गौरव, चिह्न, तबले पर हथेली का आघात।
- दंड – सजा, डंडा, जहाज का मस्तूल, एक प्रकार की कसरत।
- दक्षिण – दाहिना, एक दिशा, उदार, सरल।
- दर्शन – देखना, नेत्र, आकृति, दर्पण, दर्शन शास्त्र।
- दल – समूह, सेना, पत्ता, हिस्सा, पक्ष, भाग, चिड़ी।
- दाम – धन, मूल्य, रस्सी।
- द्विज – पक्षी, ब्राह्मण, दाँत, चन्द्रमा, नख, केश, वैश्य, क्षत्रिय।
- धन – सम्पत्ति, स्त्री, भूमि, नायिका, जोड़ मिलाना।
- धर्म – स्वभाव, प्राकृतिक गुण, कर्तव्य, संप्रदाय।
- धनंजय – वृक्ष, अर्जुन, अग्नि, वायु।
- ध्रुव – अटल सत्य, ध्रुव भक्त, ध्रुव तारा।
- धारणा – विचार, बुद्धि, समझ, विश्वास, मन की स्थिरता।
- नग – पर्वत, नगीना, वृक्ष, संख्या।
- नाग – सर्प, हाथी, नागकेशर, एक जाति विशेष।
- नायक – नेता, मार्गदर्शक, सेनापति, एक जाति, नाटक या महाकाव्य का मुख्य पात्र।
- निऋति – विपत्ति, मृत्यु, क्षय, नाश।
- निर्वाण – मोक्ष, मृत्यु, शून्य, संयम।
- निशाचर – राक्षस, उल्लू, प्रेत।
- निशान – ध्वजा, चिह्न।
- पक्ष – पंख, पांख, सहाय, ओर, शरीर का अर्द्ध भाग।

• पट – वस्त्र, पर्दा, दरवाजा, स्थान, चित्र का आधार।
• पत्र – चिट्ठी, पत्ता, रथ, बाण, शंख, पुस्तक का पृष्ठ।
• पद्म – कमल, सर्प विशेष, एक संख्या।
• पद – पाँव, चिह्न, विशेष, छन्द का चतुर्थांश, विभक्ति युक्त शब्द, उपाधि, स्थान, ओहदा, कदम।
• पतंग – पतिँगा, सूर्य, पक्षी, नाव, उड़ाने का पतंग।
• पय – दूध, अन्न, जल।
• पयोधर – बादल, स्तन, पर्वत, गन्ना, तालाब।
• पानी – जल, मान, चमक, जीवन, लज्जा, वर्षा, स्वाभिमान।
• पुष्कर – तालाब, कमल, हाथी की सूँड, एक तीर्थ, पानी मद।
• पृष्ठ – पीठ, पीछे का भाग, पुस्तक का पेज।
• प्रत्यक्ष – आँखों के सामने, सीधा, साफ।
• प्रकृति – स्वभाव, वातावरण, मूलावस्था, कुदरत, धर्म, राज्य, खजाना, स्वामी, मित्र।
• प्रसाद – कृपा, अनुग्रह, हर्ष, नैवेद्य।
• प्राण – जीव, प्राणवायु, ईश्वर, ब्रह्म।
• फल – लाभ, खाने का फल, सेवा, नतीजा, लब्धि, पदार्थ, सन्तान, भाले की नोक।
• फेर – घुमाव, भ्रम, बदलना, गीदड़।
• बंधन – कैद, बाँध, पुल, बाँधने की चीज।
• बट्टा – पत्थर का टुकड़ा, तौल का बाट, काट।
• बल – सेना, ताकत, बलराम, सहारा, चक्कर, मरोड़।
• बलि – बलिदान, उपहार, दानवीर राजा बलि, चढ़ावा, कर।
• बाजि – घोड़ा, बाण, पक्षी, चलने वाला।
• बाल – बालक, केश, बाला, दानेयुक्त डंठल (गेहूँ की बाल)।
• बिजली – विद्युत, तड़ति, कान का एक गहना।
• बैठक – बैठने का कमरा, बैठने की मुद्रा, अधिवेशन, एक कसरत।
• भव – संसार, उत्पति, शंकर।
• भाग – हिस्सा, दौड़, बाँटना, एक गणितीय संक्रिया।
• भुजंग – सर्प, लम्पट, नाग।
• भुवन – संसार, जल, लोग, चौदह की संख्या।
• भृति – नौकरी, मजदूरी, वेतन, मूल्य, वृत्ति।
• भेद – रहस्य, प्रकार, भिन्नता, फूट, तात्पर्य, छेदन।
• मत – सम्मति, धर्म, वोट, नहीँ, विचार, पंथ।
• मदार – मस्त हाथी, सुअर, कामुक।
• मधु – शहद, मदिरा, चैत्र मास, एक दैत्य, बसंत ऋतु, पराग, मीठा।
• मान – सम्मान, घमंड, रूठना, माप।
• मित्र – सूर्य, दोस्त, वरुण, अनुकूल, सहयोगी।
• मूक – गूँगा, चुप, विवश।
• मूल – जड़, कंद, पूँजी, एक नक्षत्र।
• मोह – प्यार, ममता, आसक्ति, मूर्च्छा, अज्ञान।
• यंत्र – उपकरण, बंदूक, बाजा, ताला।
• युक्त – जुड़ा हुआ, मिश्रित, नियुक्त, उचित।
• योग – मेल, लगाव, मन की साधना, ध्यान, शुभकाल, कुल जोड़।
• रंग – वर्ण, नाच-गान, शोभा, मनोविनोद, ढंग, रोब, युद्धक्षेत्र, प्रेम, चाल, दशा, रँगने की सामग्री, नृत्य या अभिनय का स्थान।
• रस – स्वाद, सार, अच्छा देखने से प्राप्त आनन्द, प्रेम, सुख, पानी, शरबत।
• राग – प्रेम रंग, लाल रंग, संगीत की ध्वनि (राग)।
• राशि – समूह, मेष, कर्क, वृश्चिक आदि राशियाँ।
• रेणुका – धूल, पृथ्वी, परशुराम की माता।
• लक्ष्य – निशाना, उद्देश्य, लक्षणार्थ।
• लय – तान, लीन होना।
• लहर – तरंग, उमंग, झोँका, झूमना।
• लाल – बेटा, एक रंग, बहुमूल्य पत्थर, एक गोत्र।
• लावा – एक पक्षी, खील, लावा।
• वन – जंगल, जल, फूलोँ का गुच्छा।
• वर – अच्छा, वरदान, श्रेष्ठ, उत्तम, पति (दुल्हा)।
• वर्ण – अक्षर, रंग, रूप, भेद, चातुर्वर्ण्य (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य व शूद्र), जाति।
• वार – दिन, आक्रमण, प्रहार।
• वृत्ति – कार्य, स्वभाव, नीयत, व्यापार, जीविका, छात्रवृत्ति।
• विचार – ध्यान, राय, सलाह, मान्यता।
• विधि – तरीका, विधाता, कानून, व्यवस्था, युक्ति, राख, महिमामय, पुरुष।
• विवेचन – तर्क-वितर्क, परीक्षण, सत्-असत् विचार, निरुपण।
• व्योम – आकाश, बादल, जल।
• शक्ति – ताकत, अर्थवत्ता, अधिकार, प्रकृति, माया, दुर्गा।
• शिव – भाग्यशाली, महादेव, शृगाल, देव, मंगल।
• श्री – लक्ष्मी, सरस्वती, सम्पत्ति, शोभा, कान्ति, कोयल, आदर सूचक शब्द।
• संधि – जोड़, पारस्परिक, युगोँ का मिलन, निश्चित, सैँध, नाटक के कथांश, व्याकरण मेँ अक्षरोँ का मेल।
• संस्कार – परिशोधन, सफाई, धार्मिक कृत्य, आचार-व्यवहार, मन पर पड़ने वाले प्रभाव।
• सम्बन्ध – रिश्ता, जोड़, व्याकरण मेँ अक्षरोँ का मेल-जोल, छठा कारक।
• सर – अमृत, दूध, पानी, तालाब, गंगा, मधु, पृथ्वी।
• सरल – सीधा, ईमानदार, खरा, आसान।
• साधन – उपाय, उपकरण, सामान, पालन, कारण।
• सारंग – एक राग, मोर की बोली, चातक, मोर, सर्प, बादल, हिरन, पपीहा, राजहंस, हाथी, कोयल, कामदेव, सिंह, धनुष, भ ंरा, मधुमक्खी, कमल, स्त्री, दीपक, वस्त्र, हवा, आँचल, घड़ा, कामदेव, पानी, राजसिँह, कपूर, वर्ण, भूषण, पुष्प, छत्र, शोभा, रात्रि, शंख, चन्दन।
• सार – तत्त्व, निष्कर्ष, रस, रसा, लाभ, धैर्य।
• सिरा – चोटी, अंत, समाप्ति।
• सुधा – अमृत, जल, दुग्ध।
• सुरभि – सुगंध, गौ, बसंत ऋतु।

• सूत – धागा, सारथी, गढ़ई।
• सूत्र – सूत, जनेऊ, गूढ़ अर्थ भरा संक्षिप्त वाक्य, संकेत, पता, नियम।
• सूर – सूर्य, वीर, अंधा, सूरदास।
• सैंधव – घोड़ा, नमक, सिन्धुवासी।
• हंस – जीव, सूर्य, श्वेत, योगी, मुक्त पुरुष, ईश्वर, सरोवर का पक्षी (मराल पक्षी)।
• हँसाई – हँसी, निन्दा, बदनामी, उपहास।
• हय – घोड़ा, इन्द्र।
• हरि – हाथी, विष्णु, इंद्र, पहाड़, सिंह, घोड़ा, सर्प, वानर, मेढक, यमराज, ब्रह्मा, शिव, कोयल, किरण, हंस, इन्द्र, वानर, कृष्ण, कामदेव, हवा, चन्द्रमा।
• हल – समाधान, खेत जोतने का यंत्र, व्यंजन वर्ण।
• हस्ती – हाथी, अस्तित्व, हैसियत।
• हित – भलाई, लोभ।
• हीन – दीन, रहित, निकृष्ट, थोड़ा।
• क्षेत्र – तीर्थ, खेत, शरीर, सदावृत देने का स्थान।
• त्रुटि – भूल, कमी, कसर, छोटी इलाइची का पौधा, संशय, काल का एक सूक्ष्म विभाग, अंगहीनता, प्रतिज्ञा-भंग, स्कंद की एक माता।

6. पशु–पक्षियअॅ की बोलियाँ

पशु/पक्षी — बोली
• ऊँट – बलबलाना
• कोयल – कूकना
• गाय – रँभाना
• चिड़िया – चहचहाना
• भैंस – डकराना (रँभाना)
• बकरी – मिमियाना
• मोर – कुहकना
• घोड़ा – हिनहिनाना
• तोता – टैं-टैं करना
• हाथी – चिँघाड़ना
• कौआ – काँव-काँव करना
• साँप – फुफकारना
• शेर – दहाड़ना
• सारस – क्रें-क्रें करना
• टिटहरी – टीं-टीं करना
• कुत्ता – भ ंकना
• मक्खी – भिनभिनाना।

7. कुछ जड़ पदार्थों की विशेष ध्वनियाँ या क्रियाएँ

पदार्थ — क्रियाएँ
• जिह्वा – लपलपाना
• दाँत – किटकिटाना
• हृदय – धड़कना
• पैर – पटकना
• अश्रु – छलछलाना
• घड़ी – टिक-टिक करना
• पंख – फड़फड़ाना
• तारे – जगमगाना/टिमटिमाना
• नौका – डगमगाना
• मेघ – गरजना।

« पीछे जायें | आगे पढ़ें »

• सामान्य हिन्दी
♦ होम पेज

प्रस्तुति:–